वशि्व खाद्य सुरक्षा दविस

प्रलिमि्स के लयि:

वशि्व खाद्य सुरक्षा दविस, WHO, FAO, खाद्य सुरक्षा, SFSI, FSSAI, आयुष्मान भारत, पोषण अभयिान, एनीमयिा मुक्त भारत, स्वच्छ भारत मशिन

मेन्स के लयि:

खाद्य सुरक्षा और संबंधति चुनौतयिों, सरकारी नीतयिों और हस्तक्षेपों को सुनश्चिति करने की आवश्यकता

चर्चा में क्यों?

प्रत्येक वर्ष **7 जून को वशि्व खाद्य सुरक्षा दविस** के रूप में मनाया जाता है।

वशि्व खाद्य सुरक्षा दविस की मुख्य वशिेषताएँ:

- **परचिय:**
  - वशि्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) तथा संयुक्त राष्ट्र का खाद्य और कृषि संगठन (FAO) संयुक्त रूप से सदस्य राज्यों अन्य संबंधति संगठनों के सहयोग से वशि्व खाद्य सुरक्षा दविस के पालन की सुवधिा प्रदान करते हैं।
  - यह पहली बार वर्ष 2019 में "द फ्यूचर ऑफ फूड सेफ्टी" के तहत अदीस अबाबा सम्मेलन और जनिेवा फोरम द्वारा 2019 में की गई खाद्य सुरक्षा को बढ़ाने की प्रतबिद्धता को मज़बूत करने के लयि मनाया गया था।
- **लक्ष्य:**
  - खाद्य सुरक्षा, मानव स्वास्थ्य, आर्थकि समृद्धि, कृषि, बाज़ार पहुँच, पर्यटन और सतत् वकिास में योगदान करने, खाद्य जनति जोखमिों को रोकने, पता लगाने तथा प्रबंधति करने में मदद हेतु ध्यान आकर्षति करने और कार्रवाई को प्रेरति करने हेतु।
- **2022 थीम:**
  - **सुरक्षति भोजन, बेहतर स्वास्थ्य:**
- **आवश्यकता:**
  - **खाद्य जनति बीमारयिाँ:**
    - खाद्य जनति बीमारयिों के सालाना अनुमानति 600 मलियिन मामलों के साथ असुरक्षति भोजन मानव स्वास्थ्य और अर्थव्यवस्थाओं के लयि एक खतरा है, जो कमज़ोर व हाशयि पर स्थति लोगों, वशिेष रूप से महलिाओं तथा बच्चों, संघर्ष से प्रभावति आबादी और प्रवासयिों को असमान रूप से प्रभावति कर रहा है।
  - **खाद्य जनति रोग का बोझ:**
    - दुनयिा भर में अनुमानति 420000 लोग हर साल दूषति भोजन खाने से मर जाते हैं और 5 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के हर साल 125 000 मौतों के साथ खाद्य जनति बीमारी का 40% बोझ है।

संबंधति पहल:

- **वैश्वकि:**
  - कोडेक्स एलेमेंट्रसि या "फूड कोड" कोडेक्स एलेमेंट्रसि कमीशन द्वारा अपनाए गए मानकों, दशि-नर्दिेशों और अभ्यास के कोड का एक संग्रह है।
  - कोडेक्स एलेमेंट्रसि कमीशन (Codex Alimentarius Commission) खाद्य और कृषि संगठन (Food and Agriculture Organisation) तथा वशि्व स्वास्थ्य संगठन (World Health Organisation) द्वारा संयुक्त रूप से स्थापति एक अंतर-सरकारी नकिाय है
    - वर्तमान में इस कमीशन के सदस्यों की संख्या 189 है और भारत इस कमीशन का सदस्य है।
- **भारत:**
  - **राज्य खाद्य सुरक्षा सूचकांक:**

        - FSSAI ने खाद्य सुरक्षा के पाँच मापदंडों पर राज्यों के प्रदर्शन को मापने के लिये राज्य खाद्य सुरक्षा सूचकांक (SFSI) विकसित किया है।.
        - मापदंडों में मानव संसाधन और संस्थागत व्यवस्था, अनुपालन, खाद्य परीक्षण- बुनियादी ढाँचा व निगरानी, प्रशिक्षण तथा क्षमता निर्माण एवं उपभोक्ता अधिकारिता शामिल हैं।
    - **ईट राइट इंडिया मूवमेंट:**
        - यह **भारत सरकार तथा [भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (FSSAI)](#)** की एक पहल है जो सभी भारतीयों के लिये **सुरक्षित, स्वस्थ तथा व टिकाऊ भोजन** सुनिश्चित करने के लिये देश की खाद्य प्रणाली को बदलने के लिये है।
        - ईट राइट इंडिया [राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति 2017](#) से जुड़ा हुआ है, जिसमें [आयुष्मान भारत](#), [पोषण अभियान](#), [एनीमिया मुक्त भारत](#) और [स्वच्छ भारत मिशन](#) जैसे प्रमुख कार्यक्रमों पर ध्यान केंद्रित किया गया है।
    - **ईट राइट अवार्ड्स:**
        - FSSAI ने नागरिकों को सुरक्षित और स्वस्थ भोजन विकल्प चुनने के लिये **खाद्य कंपनियों तथा व्यक्तियों के योगदान** को मान्यता देने हेतु **'ईट राइट अवार्ड्स'** की स्थापना की है, जो उनके स्वास्थ्य और कल्याण को बेहतर बनाने में मदद करेगा।
    - **[ईट राइट मेला:](#)**
        - FSSAI द्वारा आयोजित यह **नागरिकों को उचित खाने के** लिये **प्रेरित करने हेतु एक गतिविधि है।** यह विभिन्न प्रकार के भोजन के स्वास्थ्य और पोषण लाभों के बारे में नागरिकों को जागरूक करने के लिये आयोजित किया जाता है।

विगत वर्ष के प्रश्न:

प्रश्न. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये: (2018)

1. खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम, 2006 ने खाद्य अपमिश्रण निवारण अधिनियम, 1954 का स्थान लिया।
2. भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (FSSAI) केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में स्वास्थ्य सेवा महानिदेशक के प्रभार के अधीन है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1 और न ही 2

उत्तर: A

व्याख्या:

- **भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (FSSAI)** स्वास्थ्य व परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत एक स्वायत्त निकाय है। **यह खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम, 2006** के तहत स्थापित किया गया है, जो विभिन्न मंत्रालयों एवं विभागों में खाद्य संबंधित मुद्दों को संभालने वाले विभिन्न कार्यों व आदेशों को समेकित करता है।
- **खाद्य मानक और सुरक्षा अधिनियम, 2006** ने खाद्य अपमिश्रण निवारण अधिनियम, 1954 जैसे कई अधिनियमों तथा आदेशों को प्रतिस्थापित किया है जैसे फल उत्पाद आदेश, 1955 आदि। **अतः कथन 1 सही है।**
- FSSAI का नेतृत्व केंद्र सरकार द्वारा नियुक्त एक गैर-कार्यकारी अध्यक्ष द्वारा किया जाता है, जो या तो भारत सरकार के सचिव के पद से नीचे का पद धारण करता है। यह **स्वास्थ्य सेवा महानिदेशक** के प्रभार के अधीन नहीं है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- FSSAI को खाद्य पदार्थों के लिये विज्ञान आधारित मानकों को निर्धारित करने, मानव उपभोग के लिये सुरक्षित और स्वस्थ भोजन की उपलब्धता सुनिश्चित करने के तथा उनके निर्माण, भंडारण, वितरण, बिक्री एवं आयात को विनियमित करने के लिये बनाया गया है।**अतः विकल्प A सही है।**

स्रोत: हिंदुस्तान टाइम्स

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/world-food-safety-day-2